पंजाब केसरी 30/11/2025

# जी.एम.एन. कॉलेज में नशा मुक्ति के लिए ई-प्रतिज्ञा अभियान का सफल आयोजन

अम्बाला, 29 नवम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी के एंटी-ड्रग क्लब द्वारा शनिवार को नशामुक्ति के उद्देश्य से ई-प्रतिज्ञा अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान का लक्ष्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुकता बढ़ाना और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कॉलेज के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से नशामुक्ति की शपथ ली। डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग से विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित हुई, जिससे कार्यक्रम और अधिक प्रभावी बना।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि नशा समाज और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक गंभीर बाधा है। ऐसे अभियान विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें स्वस्थ, सशक्त एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कॉलेज प्रशासन सदैव ऐसे सकारात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।



*शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी व अन्य।* (चंद्रमोहन)

अभियान के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, स्वास्थ्य पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव तथा समाज निर्माण में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। इस पूरे अभियान का संचालन एंटी ड्रग क्लब की संयोजक डा. सरोज के नेतृत्व में किया गया, जिसमें डा. बृजेश कुमार स्पोर्ट्स विभाग तथा डा. प्रबलीन का सराहनीय सहयोग रहा। क्लब के सदस्यों ने पूरे समर्पण के साथ अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया और विद्यार्थियों को शपथ लेने के लिए प्रेरित किया।